Website : www.prsuniv.ac.in E-mail ID- coe@prsuniv.ac.in

प्रो० राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज,उ0प्र0
Prof. Rajendra Singh (Rajju Bhaiya) University, Prayagraj, U.P.

पत्रांक : प्रोरासिविवि/पनिका/2024– 317 दिनांक : 16 अप्रैल, 2024

सेवा में,

परीक्षा केन्द्राध्यक्ष,
महात्मा डिग्री कालेज, मेजा, प्रयागराज।
वार्षिक एवं सम सेमेस्टर परीक्षा सत्र 2023–24,
सम्बद्ध– प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय,
प्रयागराज।

विषयः विश्वविद्यालय की संचालित वार्षिक एवं सम सेमेस्टर परीक्षा सत्र 2023–24 की परीक्षाओं को दिनांक 20.04.2024 से किसी अन्य परीक्षा केन्द्र पर संचालित कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक सूचित किया जाता है कि आपके परीक्षा केन्द्र पर विश्वविद्यालय की वार्षिक एवं सम सेमेस्टर परीक्षा सत्र 2023–24 सम्पादित हो रही हैं। दिनांक 16.04.2024 को आपके परीक्षा केन्द्र पर सचल दस्ते द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। सचल दस्ते द्वारा औचक निरीक्षण के दौरान आपके परीक्षा केन्द्र द्वारा अभद्रता की गयी तथा सचल दस्ते के रिपोर्ट के अनुसार सामूहिक नकल भी कराया गया।

अतः आप द्वारा किये गये उक्त कृत के दृष्टिगत **आपके महाविद्यालय का परीक्षा केन्द्र निरस्त करते हुए दिनांक 20.04.2024 से सम्बद्ध महाविद्यालयों का परीक्षा केन्द्र नीचे वर्णित तालिका के अनुसार स्थानान्तरित किये जाते हैं:–**

पूर्व परीक्षा केन्द्र	महाविद्यालय का नाम	नया परीक्षा केन्द्र
महात्मा डिग्री कालेज, मेजा, प्रयागराज	गजरूप सिंह स्मारक महाविद्यालय, धरावा, करछना, प्रयागराज	बीना सिंह महिला महाविद्यालय, बरांव, प्रयागराज
	महात्मा डिग्री कालेज, मेजा, प्रयगाराज	राजकीय महाविद्यालय, गुनई, गहरपुर, मेजा, प्रयागराज
	बलराम महाविद्यालय, सिरहिर, मेजा, प्रयागराज	रामरती पटेल महाविद्याल, सहलोलवा, करछना, प्रयागराज
	वैष्णवी डिग्री कालेज, खरका डाबर, मेजा, प्रयागराज	भगौती प्रसाद सिंह महाविद्यालय, मेजा ,प्रयागराज

अतः उक्त समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्य से अनुरोध है कि अपने–अपने महाविद्यालय के परीक्षार्थियों को **दिनांक 20.04.2024 से नवीन निर्धारित परीक्षा केन्द्र** पर पहुँचकर परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु सूचित करने का कष्ट करें। नया प्रवेश पत्र सम्बन्धित महाविद्यालय की कॉलेज लॉगिन पर दिनांक 18.04.2024 को सायं 05:00 बजे अपलोड कर दिया जायेगा।

भवदीया,

डॉ0 (विनीता यादव)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मा0 कुलपति जी।
2. कुलसचिव।
3. उप कुलसचिव (परीक्षा)।
4. प्राचार्य, तालिका में वर्णित समस्त महाविद्यालय।
5. प्रभारी एजेन्सी को इस आशय से कि उक्त पत्र को समस्त सम्बन्धित महाविद्यालय की कालेज लॉगिन पर अपलोड करते हुए उक्त का अनुपालन सुनिश्चित करें।

परीक्षा नियंत्रक

Scanned with OKEN Scanner